# कालीन निर्यात संवर्धन परिषद
## CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL
(Set up by Ministry of Textiles, Govt of India)

**Registered Office:** Shree Jee Complex, Shop No T3, Sharma Market, Harola, NOIDA, (U.P.)
**Working Office:** 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
**Tel.:** +91-11-23364716, 23364717, **Website:** www.cepc.co.in, **E-Mail :** info@cepc.co.in
**Regional Office:** Bypass Road, Hariyawan, Bhadohi, Uttar Pradesh - 221401
**Regional Office:** IICT Campus, Baghi Ali Mardan Khan, Nowshera, Srinagar - 190011 (J & K)
**Website of Ministry of Textiles:** www.texmin.nic.in


# प्रेस विज्ञप्ति

31 दिसंबर, 2020

आज, 31 दिसंबर, 2020 - श्री योगी आदित्यनाथ, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने भदोही स्थित कालीन एक्सपो मार्ट के लोकार्पण किया और साथ ही अन्य 5 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं 10 परियोजनाओं के लोकार्पण किया । इस भव्य समारोह मे श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, माननीय मंत्री, एम एस एम ई (MSME) एवं निर्यात संवर्धन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, श्री रमा शंकर सिंह पटेल, माननीय ऊर्जा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश, श्री रमेश चंद बिंद, माननीय संसद सदस्य, भदोही, श्री रविन्द्र त्रिपाठी, विधायक भदोही, श्री दीना नाथ भास्कर, विधायक औराइ, श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, श्री नवनीत सहगल, आई.ए.एस. अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) एमएसएमई और निर्यात संवर्धन और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठतम अधिकारी भी शामिल हुए । मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए ।

इस अवसर पर श्री उमेश कुमार गुप्ता, श्री ओंकार नाथ मिश्रा, श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, श्री संजय कुमार गुप्ता, प्रशासनिक समिति के सदस्य, ओंकार नाथ मिश्रा अध्यक्ष (AICMA), असलम महमूब, मानद सचिव (AICMA) और श्री संजय कुमार, अधिशासी निदेशक, सीईपीसी भी उपस्थित थे।

माननीय मंत्री जी ने अपने सम्बोधन मे सभी भदोही स्थित कालीन निर्यातकों और हस्तनिर्मित कालीन उद्योग से जुड़े अन्य लोगों को हार्दिक बधाई दी। माननीय मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि वह भदोही कालीन एक्सपो मार्ट के उद्घाटन एवं क्षेत्र के हस्तशिल्प कारीगरों / बुनकरों जो अपनी कारीगरी के साथ भदोही जिले को पहचान देते हैं को बधाई देने के लिए लगभग एक साल से इंतजार कर रहे थे। माननीय मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि वे विशेष रूप से उन सभी निर्यातकों और सभी हितधारकों को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने बिना किसी सरकारी समर्थन के अपनी उद्यमशीलता के साथ देश में ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी भदोही को नई पहचान दी।

माननीय श्री योगी जी ने उल्लेख किया कि वर्ष 2019 में जब भदोही आए थे तब उन्होंने उल्लेख किया कि वे भदोही कालीन एक्सपो मार्ट के उद्घाटन के लिए फिर से आएंगे। लेकिन मार्च से दिसंबर, 2020 तक COVID-19 के कारण राज्य सरकार माननीय प्रधान मंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के 24 करोड़ लोगों को बचाने के लिए काम कर रहा है।

माननीय मुख्यमंत्री ने हस्तनिर्मित कालीन उद्योग से जुड़े सभी बुनकरों, निर्यातकों और अन्य विकास एवं लाभ के लिए राज्य सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया ।

श्री योगी ने कहा कि माननीय प्रधान मंत्री जी के **"आत्म निर्भर भारत"** के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए राज्य सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना शुरू की और ओडीओपी योजना में भदोही कालीन भी शामिल हैं। श्री योगी ने उल्लेख किया कि विभिन्न उत्पादों के साथ उत्तर प्रदेश के सभी जिलों की अपनी अलग पहचान है।

श्री योगी ने उल्लेख किया कि भदोही कारपेट एक्सपो मार्ट का लोकार्पण करते हुए उन्हें बहुत खुशी हो रही है, उन्होंने उल्लेख किया कि भदोही के कालीन को बाजार देने के लिए हम यहां आए है और भदोही जिले के विकास के लिए 200 करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास और लोकार्पण किया गया हैं। भदोही देश के कालीन निर्यात में 80% का योगदान दे रहा है।

माननीय मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि यह भदोही कालीन एक्सपो मार्ट, भदोही के निर्यातकों और बुनकरों को पूरी दुनिया के बाजारो एवं विदेशी खरीदारों को तक पहुंचाएगा और आशा व्यक्त की कि मार्ट सभी उद्योग से जुड़े सभी हितधारकों के लिए फायदेमंद होगा। माननीय मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी।

माननीय मुख्यमंत्री ने कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारियों को भी धन्यवाद दिया।

श्री सिद्ध नाथ सिंह ने बताया कि कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने आखिरकार भदोही कार्पेट एक्सपो मार्ट का संचालन लिया है और मार्ट में अपने क्षेत्रीय कार्यालय को स्थानांतरित कर दिया है। श्री सिद्ध नाथ सिंह ने बताया कि मार्ट 7.5 एकड़ में बना है और यह लिफ्टों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अन्य सुविधाओं से पूरी तरह वातानुकूलित है। मार्ट में 35,000 वर्ग फुट के 2 प्रदर्शनी हॉल हैं, सम्मेलन कक्ष, 94 स्थायी दुकानें उपलब्ध हैं। परिषद 17000 वर्ग फुट में दूसरी मंजिल पर अंतर्राष्ट्रीय मानक का एक रेस्तरां बनाएगी, BIDA ने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 5 स्टार्ट होटल के निर्माण के लिए मार्ट के पास जगह आवंटित कर दी है। परिषद एक वर्ष में 2 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों का आयोजन करेगी जिसमें 60 देशों के प्रवासी खरीदार आएंगे। परिषद 5-7 घरेलू प्रदर्शनियों का भी आयोजन करेगी जिसमे वस्त्र, चमड़ा उत्पाद, जूट उत्पाद, हस्तशिल्प, उत्तर पूर्व उत्पाद, मुरादाबाद पीतल, मिर्जापुर बर्तन आदि शामिल होंगे। भदोही और मिर्जापुर के 600 से अधिक निर्यातक और कारीगर को सीधे तौर पर मार्ट का लाभ प्राप्त करेंगे। ।

परिषद दुकानों के आवंटन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों का आयोजन करके मार्ट को पूरी तरह कार्यात्मक बनाने की प्रक्रिया में है और पहले ही राज्य सरकार क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हवाई अड्डे और आस-पास के क्षेत्रों से मार्ट की जुड़ी सड़कों में सुधार, अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के ठहरने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के अच्छे होटलों का निर्माण आदि के लिए अनुरोध कर चुकी हैं एवं परिषद को को राज्य सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन मिला हैं

श्री सिद्नाथ नाथ सिंह ने उम्मीद जताई कि माननीय मुख्यमंत्री के आशीर्वाद और समर्थन से भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों का निर्यात अगले 2 वर्षों में दोगुना हो जाएगा, कारीगरों को रोजगार मिलेगा और कालीन उद्योग से जुड़े सभी हितधारकों के लिए व्यापार से नए रास्ते खुलेंगे। ।